खतरा | जान हथेली पर लेकर अधिकारी और कर्मचारी काम करने को मजबूर

# कभी भी धराशाही हो सकता हैं जर्जर भवन

**नरसिंहपुर/गोटेगांव।** जब-जब कोई बड़ा हादसा होता है, तब तब जर्जर भवनों की ढहाकर नया भवन बनाने पर विचार किया जाता है। बजट के लिए रिपोर्ट तैयार होती है, लेकिन समय के साथ-साथ सबकुछ ठंडे बस्ते में चला जाता है। ये जर्जर भवन हादसे को दावत दे रहे हैं, मजबूरी के चलते जान हथेली पर लेकर अधिकारी और कर्मचारी काम करने को मजबूर हैं। बारिश के दिनों में कर्मचारियों का खतरा और बढ़ जाता है।

बीते रविवार को यश भारत अखबार के संवाददाता आशीष साहू ने तहसील जर्जर सरकारी भवनों का हाल जाना। स्थानीय तहसील भवन इतना जर्जर हो गया है कि वह कब धराशाही हो जाएं पता नहीं तहसील कार्यालय भवन जर्जर अवस्था में पहुंच गया। साथ ही बारिश का समय भी सामने आ गया है जो की बारिश काल में यह जर्जर भवन और इसकी दीवार गिरने की आशंका है क्योंकि लगातार बारिश का दौर भी जारी है अगर समय रहते जिम्मेदार ध्यान आकर्षित कर इस ओर सुरक्षा की दृष्टिगत रखते हुए उचित कदम उठाए नहीं तो कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।



## बारिश होने पर यहां आए लोग शरण लेते है

भले ही शहर सहित आसपास गांवों के ग्रामीण एवं नगारिकों हितग्राहियों को बेहतर सुविधाएं मिल रही है लेकिन तहसील कार्यालय का जर्जर भवन कब धराशाई हो जाए इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है नए भवन के लिए अभी तक व्यवस्था ही नहीं शुरू हो सकी। भवन कभी भी ढह सकता है। बारिश होने पर यहां आए लोग शरण लेते हैं। इसके अलावा अधिवक्ता सहित लेख अन्य लोग वाहन खड़ा करते हैं। तहसील के कर्मचारी इस जर्जर भवन में रहते है। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा होने का खतरा बना है। स्थानीय नागरिकों अधिवक्ता संघ तहसील कर्मचारी आर आई पटवारीएवं हितग्राहियों ने सुरक्षा की दृष्टिगत रखते हुए नए तहसील भवन निर्माण की मांग की है।

## कैबिनेट मंत्री के समक्ष सामुदायिक भवन बनाने मांग रखी

**गाडरवार।** गाडरवारा की तीनों मस्जिदे शुक्रवार बाजार स्थित जामा मस्जिद, बड़े वाली स्थित फैजाने मदीना मस्जिद, पानी की टंकी के पास स्थित छोटी मस्जिद कमेटियों के सभी अध्यक्ष, पदाधिकारी, एवं मुस्लिम समाज के जिम्मेदार लोग कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह जी से मिलने सेवा सदन पहुंचे, जहा पर वरिष्ठ भाजपा नेता विकास जैन, भाजपा नेता सत्तार खान के नेतृत्व में मंत्री जी के समक्ष मुस्लिम भाइयों ने एक लिखित मांग प्रतिवेदन दिया आवेदन के जरिए मुस्लिम भाइयों ने चावड़ी वार्ड में बड़े वली के सामने जहां सरकारी मदरसा बना था उक्त खाली जगह पर सामुदायिक भवन बनाने हेतु सामूहिक रूप से मांग रखी, मंत्री जी ने बड़े ही सहजता के साथ उक्त मांग की स्वीकृति दे दी है, वहा उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा को भी सामुदायिक भवन बनने संबंधित जानकारी से अवगत कराया उन्होंने भी सहमति जताते हुए हर प्रकार से पूरा सहयोग करने की बात कही,सभी मुस्लिम भाइयों ने कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह एवं नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के प्रति खुशी जाहिर करते हुए बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया है।

# समस्याओं के लेकर सौंपा ज्ञापन

**गाडरवारा।** शहर की समस्त दुर्गा उत्सव समिति को होने वाली विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु एक मंच पर लाने के प्रयास के साथ माई की महापंचायत नामक मंच का विगत दिवस गठन किया गया। जिसके माध्यम से दुर्गा उत्सव समिति की विभिन्न समस्याओं का समाधान नवरात्रि के पहले करने हेतु अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष, कनिष्क अभियंता, विद्युत विभाग को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।



जिसमें उल्लेख किया कि दुर्गा उत्सव समिति पंडाल के पास रास्तों में जहां अंधेरा हो वह लाइट की व्यवस्था की जाए, नवरात्रि के पर्व से लेकर दशहरा तक शहर के विभिन्न स्थानों पर लगने वाले मांस,मटन और अंडे की दुकान बंद कराई जाए, पंडालों के आसपास सुबह शाम साफ सफाई की विशेष व्यवस्था की जाए, पंचमी से लेकर अष्टमी तक ग्रामीण श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होती है उसे ध्यान में रखते हुए पार्किंग स्थल बनाए जाए जहां पर्याप्त लाइट की व्यवस्था भी की जाए, विसर्जन वाले रास्तों की विद्युत लाइन ऊंची करने का तत्काल कार्य किया जाए, नवरात्रि में अनावश्यक लाइट कटौती न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए, अति संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की विशेष व्यवस्था की जाए, पुंगी बजाने वाले और हुड़दंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर उचित कार्यवाही की जाए, पुलिस प्रशासन द्वारा लगाने वाले बैरिकेट्स को दुर्गा उत्सव समिति से सामंजस्य बनाकर ही बैरिकेट्स स्थापित किए जाए, पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष पुलिस अधिकारी के बैच समिति पंडालों को दिए जाए ताकि व्यवस्था बनाने में दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य भी प्रशासन का सहयोग कर सके, साथ ही पुलिस प्रशासन एक हेल्पलाइन जारी करे ताकि दुर्गा उत्सव समिति के आसपास होने वाली सुरक्षा समस्या के लिए पुलिस प्रशासन को तत्काल सूचित किया जा सके, पंचमी से लेकर अष्टमी तक श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होती है उसे ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी और डोन कैमरा से निगरानी रखी जाए। जिससे अवांछित उपद्रवी पर भी लगाम लगाई जा सके, पुलिस प्रशासन द्वारा पंचमी से लेकर अष्टमी तक टू व्हीलर और फॉर व्हीलर वाहनों के प्रतिबंधित की सूचना पूर्व से ही जारी की जाए ताकि बड़े बुजुर्ग श्रद्धालु बैठकी से लेकर चौथ के दिन तक वाहनों से दर्शन कर सके। समिति की समस्याओं की गंभीरता को देखते हुए तत्काल समस्याओं का निराकरण करने निवेदन माई की महापंचायत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या समिति के पदाधिकारी सहित अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



## महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई।

तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व पर कार्यशाला रखी गई। महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा अपने अपने विचार रखे। जिसमें हिंदी दिवस पर प्रकाश डाला गया। हिन्दी हमारी मातृभाषा संस्कृति एवं मूल्यों की बाहक होती है। इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण निबंध एवं वाद विवाद प्रतियागितायें संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. भानू प्रताप प्रजापति डॉ मनीषा वर्मा डॉ. बी.डी. विश्वकर्मा, डॉ. आदर्श चैधरी, डॉ. प्रशांत कुमार डॉ. दिपेश ठाकुर तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीषा वर्मा द्वारा किया गया।

# साईंखेड़ा में पालीटेक्निक कॉलेज खोला जाए

**साईंखेड़ा।** नगर तीन जिले रायसेन, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम की सीमाओं के केंद्र में बसा एवं धार्मिक महवत्व रखने वाला दादा जी धूनी वालों की नगरी के नाम से प्रख्यात नगर साईंखेड़ा जिसमे आसपास का विशाल ग्रामीण क्षेत्र जुड़ा हुआ है लेकिन यहाँ शिक्षा और रोजगार के स्त्रोत बहुत ही कम है आसपास से ग्रामीण क्षेत्र से अनेक छात्र छात्रायें पढ़ने आते हैं।

लेकिन पॉलीटेक्निक की शिक्षा के लिए उन्हें बाहर जाना पड़ता है जिससे आर्थिक बोझ बढ़ता है वर्तमान में शिक्षा मंत्री का क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा के लिए विशेष प्रयास है। जिससे साईंखेड़ा में पॉलीटेक्निक कॉलेज खोलने संभिवना जागृत हुयी है,क्षेत्र वासियों की एवं नगर की जनता व




ग्रामीण क्षेत्र भी साईंखेड़ा में पॉलीटेक्निक कॉलेज चाहता है क्षेत्रवासियों का कहना है कि गाडरवारा व ची चली मैं आईटीआई स्थापित है यदि साईंखेडा में पालीटेक्निक कालेज खुलता है तो अन्य स्थान की अपेक्षा साईंखेड़ा विकासखंड व तहसीलमें भी शिक्षा व्यवस्था बेहतर हो सकेगी। उनके बच्चे भी आवश्यक तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर सके । क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि गाडरवारा से राजनीतिक रस्साकशी के बीच साईंखेड़ा क्षेत्र का विकास पिस गया है पर अब ऐसा नहीं होगा। आवाज उठेगी और दूर तलक जायगी । विकास के क्षेत्र में पिछड़ने का सबसे बड़ा कारण है कि नेताओं ने सोच बना ली है कि साईंखेड़ा क्षेत्र का युवा अब अपने क्षेत्र अपने नगर की आवाज उठाने के लिए भी आगे रहेगा और बेबाकी से अपने हक की आवाज उठायेगा । बहुत जल्द पॉलीटेक्निक कॉलेज के लिए सम्पूर्ण क्षेत्र में हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की जायेगी और जिम्मेदार अधिकारी के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव व शिक्षा मंत्री के नाम माँगपत्र सौंपा जाएगा। पॉलिटेक्निक करने के फायदे में सबसे बड़ा फायदा यह है कि इस कोर्स को करने के बाद आप बहुत ही आसानी से टेक्निकल फील्ड में जो आप आ सकते हैं और पॉलिटेक्निक करने में सबसे बड़ा फायदा है कि आप रेलवे के बहुत सारे पोस्ट में नौकरी पा सकते हैं जैसे कि जूनियर इंजीनियर लोको पायलट एवं कंस्ट्रक्शन कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर, फील्ड इंस्पेक्टर, क्वालिटी कंट्रोल इंजीनियर, स्टोर इंचार्ज या साइट इंजीनियर अन्य सरकारी विभागों में टेक्निकल पोस्ट के लिए अप्लाई करने के पात्र होंगे। पॉलिटेक्निक की 10 सबसे अच्छी ब्रांच कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। जैव प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा, आदि।



## जागरूकता कैंप में 42 मरीजों की हुई जांच

**गोटेगांव।** विगत दिवस राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर के निर्देशन में जिला कुष्ठ अधिकारी के मार्गदर्शन में अवकाश के दिवस श्रमिक बाहुल्य एवं कुष्ठ संवेदी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खमरिया में निशुल्क शिविर लगाया गया। जिसमें जिला कुष्ठ इकाई से मानसिंह पटेल एवं रीना शर्मा उपस्वास्थ्य केंद्र खमरिया से डॉ अभिषेक नेमा सी एच ओ के एस गुप्ता एम पी डब्लू ग्राम सरपंच अशोका बाई आशा कार्यकर्ता एवं अन्य का सहयोग रहा। कैंप का उद्देश्य छुट्टी के दिवस संदेहास्पद कुष्ठ रोगियों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर उप स्वास्थ्य केंद्र को कुष्ठ से मुक्त करना ,कुष्ठ के प्रति जागरूक करना है।

### एक नजर में

### दुर्गोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू

**तेंदूखेड़ा।** शक्ति साधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है ।जिसे लेकर नगर की सभी दुर्गोत्सव समीतियों द्वारा पंडालों और झांकियों को सजाने के लिए अपने अपने स्तर से काम शुरू कर दिया है। वहीं मूर्तिकार भी अब मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। नगर में मुख्य रूप से 10 11स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की जाती है।

### राव कुमारेन्द्र सिंह का निधन

**गाडरवारा।** मूल रूप से ग्राम सड़ूमर व नगर के झंडाचौक निवासी तथा भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष राव संदीप सिंह के पिता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य राव अजेन्द्र सिंह के भाई राव कुमारेन्द्र सिंह का बीते दिवस बीमारी के चलते जबलपुर में निधन हो गया। स्व. राव का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम सडूमर में किया गया। शव यात्रा में क्षेत्र के लोगों ने शामिल होकर स्व. कुमारेन्द्र सिंह को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। ज्ञात हो कि राव कुमारेन्द्र सिंह पूर्व मंडी अध्यक्ष रहने के साथ कौरव समाज के महत्वपूर्ण व्यक्ति माने जाते थें। उनके निधन से कौरव समाज में शोक का महौल देखने मिल रहा है।

### शतायु श्यामाबाई का स्वर्गवास

गोटेगांव नगर के रुद्रवार्ड निवासी। प्रतिष्ठित नागरिक राजेश सेन की परमपूज्य माताश्री एवं दिनेश, पवन, लखन, गोपाल सेन की बुआजी शतायु प्राप्त श्रीमती श्यामाबाई सेन का आकस्मिक निधन हो गया, आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व की महिला थी, आपके निधन का समाचार प्राप्त होते ही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया, अंतिम संस्कार शवयात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों के जन प्रतिनिधियों ने मुक्तिधाम में बड़ी संख्या में शामिल होकर दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थित जनो ने श्रीमति श्यामाबाई की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर की।

### नीलम सोनी का निधन

**गोटेगांव।** गोटेगांव स्थित पथरिया कुआं परिवार के वरिष्ठ सदस्य रहे स्व श्री धन्नालाल सोनी की सुपुत्री एवं विकास सोनी एवं नीरज सोनी की बहन नीलम सोनी ( गुड़ीया) का आकस्मिक निधन हो गया है! अंतिम संस्कार शव यात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों ने शामिल होकर स्थानीय मुक्तिधाम में दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थितजनों ने श्री नीलम सोनी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकसंतृप्त परिवारजनों के प्रति शौक संवेदना व्यक्त कर शोकाकुल कुल परिवारजनों को इस ग्रहन दुख सहन करने हेतु परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की

### युवती से मारपीट

**गोटेगांव।** बीते दिनों पुलिस थाना मुंगवानी के गाडरवाराखेड़ा पंचायत के गांव में शिवानी यादव के साथ गाली-गलौंच करते हुए झूमा झटकी कर मारपीट हो गई। घटना की रिपोर्ट होने पर पुलिस ने जागेश्वर राजोरिया के खिलाफ धारा 126, 296, 115, 351 के तहत मामला कायम किया हौ

### बाइक चालक की मौत

**गोटेगांव।** थाना मुंगवानी अंतर्गत बीते दिनों सड़क पर बेसहारा गोवंशों का जमावड़ा बना रहता है। जिसके कारण दुर्घटनाए होती रहतीं हैं। इसके बाद भी सड़क पर विचरण करने वाले मवेशियों को हटाने की दिशा में कोई सख्त कदम नहीं उठाया जा रहा है। डिपो के पास सड़क पर एक गाय से बाइक चालक भारत गौड़ 28 साल पाठा निवासी टकरा गया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## प्राथमिक शाला तलापार में 51 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्राथमिक शाला तलापार में जिला अस्पताल शहरी मेडिकल टीम द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान 51 बच्चों की सम्पूर्ण स्वास्थ्य की जांच की गई। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान अनेक बच्चों में एनीमिया, विटामिन डी व विटामिन सी की कमी, त्वचा संबंधी रोग तथा नेत्र दोष जैसी समस्याएं पाई गई। चिन्हांकित बच्चों को मौके पर ही चिकित्सकों द्वारा आवश्यक परामर्श एवं उपचार किया गया। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान एक छात्रा हृदय रोग तथा एक अन्य छात्रा को मोतियाबिंद से ग्रसित पाया गया। दोनों छात्राओं को त्वरित उपचार के लिए जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर रेफर किया गया। शिविर में डॉ. अमित सोनी व डॉ. गौरीष सोनी ने बच्चों को स्वच्छता, निरोग जीवनशैली एवं स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की।



## भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नरसिंहपुर।** भारतीय किसान संघ जिला नरसिंहपुर ने सोमवार को जिला कलेक्टरेट पहुंचकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के नाम किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन प्रदेश इकाई के आवाहन पर सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख मांगें रखी गईं, जिनमें मूंग खरीदी का शेष भुगतान कराने, अघोषित विद्युत कटौती बंद करने, बढ़ाए गए बिजली बिल वापस लेने, चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाने, राजस्व रिकॉर्ड में सुधार एवं समय-सीमा में कार्यवाही करने, ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीमा प्रीमियम कम करने, जंगली सुअरों से फसलों को बचाने के इंतजाम करने, नहरों में सुधार करने एवं जले हुए ट्रांसफार्मर तुरंत बदलने जैसी मांगे शामिल रहीं।

# प्राची बनी मिस नरसिंहपुर विजेता

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस युवितयों ने नारी सशक्त समाज और सशक्त परिवार का संदेश देते हुए राजमार्ग लीला पैलेस में कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व विधायक संजय शर्मा की धर्मपत्नी निशा शर्मा प्रमुख रुप से उपस्थित रहीं। सरस्वती पूजन गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

जिसमें ब्यूटी एसोसिएशन सीजन 4 के कार्यक्रम में महिलाओं व युवतियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य सशक्त नारी शसशक्त समाज सशक्त परिवार का संदेश देना तथा महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है ।इस आयोजन में करीब 300 से अधिक ब्यूटी क्वीन शामिल हुई। सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन कर सबको प्रभावित किया ।इस प्रदर्शन में डोभी के नागरिक टीकाराम पटेल की सुपुत्री प्राची पटेल ने फर्स्ट रनर अप रहते हुए यह




प्रतियोगिता अपने नाम की। प्राची ने हमारे प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया कि मॉडलिंग करियर में गांव से निकल पाना हर किसी के लिए संभव नहीं हो पाता है । कोई लड़की मॉडलिंग करती है तो उसके कैरेक्टर पर लोग उंगली उठाते है। महिलाओं को प्राचीन काल की अपेक्षा स्वतंत्रता मिल तो रही है ।लेकिन कुछ हद तक महिलाएं स्वतंत्रता का गलत फायदा भी उठा रही है । और समाज में गलत संदेश दे रही है। मर्यादित होकर काम करना बिल्कुल गलत नहीं है लोगों की इसी सोच को मिटाने के लिए इस काम में गांव में सबसे पहले पहल की है। जिस दिन हर बेटी अपने निर्णय लेने में सक्षम हो जाएगी उस दिन उन्हें आगे बढ़ने से कोई भी नहीं रोक सकता है। अतिथियों ने कहा कि ऐसी पहल महिलाओं को न केवल बल्कि अपने हुनर से काम करने से समाज में पहचान दिलाती है। सभी प्रतिभागियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया।

# मानव अधिकार सुरक्षा संगठन ने समीक्षा बैठक की आयोजित

**गोटेगांव।** विगत दिवस समीपवर्ती करकबेल स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में मानव अधिकार सुरक्षा संगठन ने समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला संगठन से पदाधिकारियों जिला अध्यक्ष प्रभात उदेनिया जिला महिला उपाध्यक्ष स्नेहलता श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष डॉ गौरव ताम्रकार जिला उपाध्यक्ष नितिन पांडे संगठन मंत्री रोहित मेहरा प्रचार मंत्री रोहित कुमार मेहरा जिला महामंत्री एवं ब्लॉक संगठन से ब्लॉक अध्यक्ष अंकित शुक्ला महिला ब्लॉक अध्यक्ष अनीता श्रीवास्तव सुश्री अनिता राय महिला ब्लॉक उपाध्यक्ष सुरेंद्र सक्सेना सचिव डॉक्टर भरत मेहरा कोषाध्यक्ष घनश्याम पटेल की गरिमामय उपस्थिति में जिला अध्यक्ष प्रभात उदेयनिया के करकमलों से मां सरस्वती की पूजन वंदन करके सभी पदाधिकारी का सम्मान एवं परिचय किया गया ब्लॉक संगठन द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई जिसमें 29-6-2025 को जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में स्टाफ नर्स संध्या




चौधरी की निर्मम हत्या के संबंध में थाना ठेमी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया, ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो एवं 1-7-2025 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करकबेल में हो रही अनियमितताएं और डॉक्टर का पद रिक्त होने की शिकायत कलेक्टर महोदया से की गई जिसके परिणाम स्वरूप करकबेल स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. सूरज मौर्य के रूप में नए डॉक्टर ने पदभार संभाला साथ ही 3-8-2025 को जिला में हुई मासिक बैठक में ब्लॉक सचिव सुरेंद्र सक्सेना ने उपस्थित होकर सभी पदाधिकारी से समन्वय बनाए व 20-8-2025 को जिला संगठन द्वारा जिले में हुई वारदातों के विरोध में पुलिस अधीक्षक महोदय को ज्ञापन में गोटेगांव ब्लॉक सचिव सुरेंद्र सक्सेना ने उपस्थिति दर्ज करवाई इसी क्रम में 27-7-2025 को प्राणी मित्र समिति करकबेल ने कृषक संगोष्ठी ग्राम बौछार में संगठन ने हिस्सा लिया जिसमें कृषकों से मृदा की गुणवत्ता पर्यावरण सुधारने मां नर्मदा के तटों पर फैले हुए कचरे से जैविक खाद तैयार करने जैसे विषयों पर कार्यशाला रखी गई थी और 26-8-2025 को करकबेल के पीएम श्री स्कूल में बच्चों को कक्षाओं में जाकर मौलिक अधिकार की जानकारी दी गई।

### समस्या से मुक्ति

अपने साथ हो रहे किसी भी शोषण का विरोध करने में आवश्यक सहयोग हेतु पदाधिकारी के मोबाइल नंबर बताए गए और ब्लॉक संगठन से सभी का परिचय कराया गया 2-9-2025 को हमारे क्षेत्र के चिकित्सक शिवदयाल पटेल सूरवारी के साथ ठगी कर फोन पर किसी ने क्राईम ब्रांच का हवाला देकर 27000/- रु. की लूट की संगठन में जब जानकारी आई तो पीड़ित व्यक्ति को थाना ठेमी ले जाकर थाना प्रभारी महोदया से बात की और उनका मार्गदर्शन लेकर पीड़ित व्यक्ति को इस समस्या से मुक्ति दिलवाई आगामी चर्चाओं में करकबेल में हुई रेल दुर्घटना में परिवार के मुखिया की मृत्यु हो जाने पर उस परिवार को रेलवे विभाग एवं मध्य प्रदेश शासन से प्रावधान के अनुरूप जो सहयोग मिलना चाहिए उसकी योजना बनाई।



## कृष्णा चौधरी बनीं मिस स्टार फेस ऑफ इंडिया 2025, शहर में खुशी

**गाडरवारा।** नगर की बेटी कृष्णा चौधरी ने एक बार फिर गाडरवारा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। 2022 में मिस मालवा और 2023 में मिस एमपी का खिताब जीतने के बाद कृष्णा ने अब मिस स्टार फेस ऑफ इंडिया 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया है। यह इंटरनेशनल शो 14 सितंबर 2025 को मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक नगर मांडव (इंदौर) में भव्य आयोजन के रूप में सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रखर शर्मा द्वारा किया गया। जूरी में मुंबई के प्रसिद्ध कोरियोग्राफर जगदीश पुरोहित और मिस्टर वर्ल्ड 2016 के विजेता रोहित खंडेलवाल जैसे दिग्गज शामिल थे। जूरी ने सभी प्रतिभागियों के बीच से कृष्णा चौधरी को उनके आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और मंच पर शानदार प्रस्तुति के लिए विजेता चुना।